एक नजर में

सुख-समृद्धि और अच्छी वर्षा की कामना को लेकर लखेरा समाज का विशाल आयोजन

नीमच। अच्छी बारिश, प्रदेश की खुशहाली और जनकल्याण की कामना को लेकर नीमच में रविवार को आस्था और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। लखेरा समाज द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन के साथ माता रानी का विशाल चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन और श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत माता रानी की विशेष पूजा-अर्चना, हवन और भोग अर्पण के साथ हुई। समाजजनों ने प्रदेश में सुख, शांति, समृद्धि और अच्छी वर्षा की कामना करते हुए धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए।विशेष बात यह रही कि धार्मिक आयोजन के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण मित्र मंडल द्वारा पौधरोपण किया गया। पर्यावरण मित्र मंडल के अध्यक्ष किशोर बागड़ी के नेतृत्व में लगाए गए पौधों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया।इस अवसर पर मंदिर परिसर में नवनिर्मित हॉल का लोकार्पण भी किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि यह हॉल सर्व समाज के लोगों के उपयोग के लिए उपलब्ध रहेगा, जिससे सामाजिक और धार्मिक आयोजनों को नई सुविधा मिलेगी। रमेश बागड़ी ने बताया कि यह आयोजन प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की भावना को समर्पित है। वहीं मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष किशोर चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि देवनारायण महामंडलेश्वर जी की जयंती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली जा रही है तथा चेना माता-कुशला माता मंदिर परिसर में यज्ञ और धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित किए जा रहे हैं।करीब 40 वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत निकाला गया यह चल समारोह स्कीम नंबर-9 स्थित लखेरा समाज मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरा और पुन: मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

नीमच में ग्रीष्मकालीन धार्मिक संस्कार शिविर का शुभारंभ, 83 बच्चों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग



नीमच। सुधर्म जैन संस्कृति रक्षक संघ मालवा शाखा के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन धार्मिक संस्कार शिविर का शुभारंभ जैन कॉलोनी स्थित जैन स्थानक भवन सभागार में श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। यह शिविर 7 जून से 14 जून तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बच्चों एवं महिलाओं को धार्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।शिविर का आयोजन दो सत्रों में किया गया है। प्रात: 9 बजे से 11:30 बजे तक बच्चों के लिए तथा दोपहर 1:30 बजे से 4 बजे तक महिलाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, अभिभावक एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष मनोहर शम्भूलाल बम्ब ने बताया कि शिविर का उद्देश्य नई पीढ़ी में धार्मिक संस्कार, नैतिक मूल्य और अनुशासन की भावना विकसित करना है। शिविर में जैन धर्म आधारित प्रेरणादायक कहानियां, धार्मिक ज्ञान, संस्कार निर्माण, रचनात्मक गतिविधियां एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्रशिक्षण के लिए शुभम नांदेचा (चौमेला, राजस्थान), पूजा चंद्रगोत्रीय (बड़ोद, मध्यप्रदेश) एवं सीमा भाटिया अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।उनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को रोचक और प्रभावी तरीके से धार्मिक एवं सांस्कृतिक शिक्षा दी जा रही है।शिविर के प्रथम दिन 83 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन की व्यवस्थाओं एवं संचालन में सांवरमल कांठेड़, मंजू मेहता, सुरेखा श्रीमाल एवं मंजू दक का विशेष योगदान रहा।

खिमला प्लांट में ऊंचाई से गिरी लिफ्ट, छह मजदूर घायल

▶ दो की हालत गंभीर, नीमच में वेल्डिंग कार्य के दौरान हुआ हादसा

नीमच। जिले के रामपुरा थाना क्षेत्र स्थित खिमला प्लांट के ग्रीनको प्रोजेक्ट में रविवार को एक दुर्घटना हो गई। प्लांट में ऊंचाई पर पाइपलाइन का काम कर रहे मजदूर लिफ्ट सहित नीचे गिर गए, जिससे छह मजदूर घायल हो गए। प्लांट कर्मचारी नीरज मीणा के अनुसार, मजदूर पाइपलाइन पर वेल्डिंग का काम कर रहे थे। इसी दौरान लिफ्ट में तकनीकी खराबी या अन्य कारण से दुर्घटना हुई और मजदूर करीब 100 फीट नीचे गिर गए।

हादसे के बाद सभी घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से नीमच के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घायलों में मनोहर सिंह, चिन्मय घोष, राहुल यादव, जहीरूद्दीन अंसारी, विपिन कुमार और कमलेश शामिल हैं। डॉक्टरों के अनुसार सभी घायलों की निगरानी की जा रही है।

दो मजदूरों की हालत गंभीर- प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, घायलों में दो मजदूरों को गंभीर चोटें आई हैं। वहीं तीन मजदूरों को सामान्य चोटें लगी हैं और एक को मामूली चोट आई है। दुर्घटना के बाद प्लांट में सुरक्षा मानकों को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि औद्योगिक परियोजना में पहले भी दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

हादसे के वक्त लिफ्ट में कुल 7 लोग सवार थे, जिनमें से 2 मजदूर पूरी तरह सामान्य हैं। शेष 5 घायलों में से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों को तुरंत उपचार के लिए एम्बुलेंस के माध्यम से नीमच के निजी अस्पताल भेजा गया है। जहां तक प्रबंधन द्वारा लापरवाही बरतने की ऐसी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। प्रबंधन द्वारा हादसे के तुरंत बाद प्रशासन को इसकी सूचना दे दी गई थी।

- किरण आंजना, एसडीएम

नाबालिग वाहन चालकों पर सख्ती, माता-पिता के खिलाफ होगी न्यायालयीन कार्रवाई

नीमच। पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के निर्देशन में जिलेभर में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत यातायात पुलिस ने एक नाबालिग को वाहन चलाते हुए पकड़ा और उसके अभिभावकों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की।

जानकारी के अनुसार अभियान के दौरान एक नाबालिग बालक वाहन चलाते हुए पाया गया। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की और थाने लाया गया। इसके बाद उसके माता-पिता को थाने बुलाकर नाबालिगों को वाहन नहीं देने संबंधी कानूनी प्रावधानों और यातायात नियमों की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए हैं कि जो भी नाबालिग वाहन चलाते हुए पाया जाए, उसके माता-पिता या अभिभावकों के विरुद्ध प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए।

घरेलू कलह से टूटा युवक, जहरीला पदार्थ खाया

नीमच। केंट थाना क्षेत्र अंतर्गत किदवई गंज मुलचंद मार्ग इलाके में पारिवारिक विवाद से परेशान एक युवक द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन किए जाने का मामला सामने आया है। युवक की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किदवई गंज निवासी अब्दुल गफ्फार पिता बशीर अहमद कुरैशी (35 वर्ष) ने कथित रूप से पारिवारिक तनाव के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जहरीला पदार्थ खाने के बाद उनकी हालत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार किया जा रहा है।

परिजनों के अनुसार पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिससे परिवार में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। युवक की परिजन रिहाना बी ने आरोप लगाया कि अब्दुल गफ्फार की पत्नी हिना द्वारा आए दिन विवाद किया जाता था। उनका कहना है कि बीती रात भी घर में विवाद हुआ था, जिससे परिवार का माहौल तनावपूर्ण हो गया।

परिजनों का आरोप है कि इसी मानसिक तनाव से परेशान होकर अब्दुल गफ्फार ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। फिलहाल युवक का जिला चिकित्सालय में उपचार जारी है।

रात के अंधेरे में ट्रैक्टर चोरी

नीमच। जिले की कंजार्डा चौकी पुलिस ने चोरी गए ट्रैक्टर को महज 6 दिनों के भीतर बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 8 लाख रुपये कीमत का ट्रैक्टर बरामद किया है।

वहीं वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया एवं एसडीओपी निकिता सिंह के मार्गदर्शन में संपत्ति संबंधी अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।जानकारी के अनुसार फरियादी का लाल रंग का मेसी फर्गुसन 1035 ट्रैक्टर 27-28 मई 2026 की दरमियानी रात अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए थे। मामले में 1 जून को थाना मनासा में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान मुखबिर तंत्र और साइबर टीम की सहायता से कंजार्डा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अजय पिता गोपाल धाकड़ (21 वर्ष), निवासी चौकड़ी, थाना मनासा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी मनीष पिता गोपाल प्रजापत निवासी बलकुंडी, थाना जावदा, जिला चित्तौड़गढ़ के साथ मिलकर ट्रैक्टर चोरी करना स्वीकार किया।पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर करीब 8 लाख रुपये कीमत का मेसी फर्गुसन 1035 ट्रैक्टर बरामद कर लिया।

पोषण भी, पढ़ाई भी, थीम पर 21 नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण

नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव के निर्देशन में जिले की 21 नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का पोषण भी, पढ़ाई भी थीम पर आयोजित प्रथम चरण का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी अंकिता पंड्या ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों को अधिक सक्षम बनाना तथा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को मजबूत करना था। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ खेल-खेल में आधुनिक शिक्षा देने के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण में बच्चों के पोषण स्तर में सुधार, कुपोषण निवारण के आधुनिक उपाय, तथा स्वस्थ विकास के विभिन्न पहलुओं पर विशेष फोकस रखा गया।

एक नजर | **जावद में कथित लुटेरी दुल्हन की कहानी से सनसनी**

3 लाख रुपये देकर रचाई शादी, 17 दिन बाद लाखों के जेवर नकदी लेकर गायब

नीमच। पहले शादी का वादा... फिर लाखों रुपये का लेन-देन... साथ जीने-मरने की कसमें और उसके बाद अचानक दुल्हन गायब। यह किसी फिल्म की कहानी नहीं, बल्कि नीमच जिले के जावद क्षेत्र से सामने आया एक ऐसा मामला है, जिसने पूरे इलाके में चर्चा छेड़ दी है और कई सवाल खड़े कर दिए हैं।इस पूरे मामले में जावद थाना क्षेत्र के ग्राम तारापुर निवासी ओमकारलाल माली का आरोप है कि पिपलिया पेमजी निवासी लोकेश मंदारा, शिवनारायण उर्फ सीनू रावत, अरविंद रावत और सूरजमल मीणा ने उन्हें शादी कराने का भरोसा दिलाया। परिवार बसाने की चाह में उन्होंने उनकी बात पर विश्वास किया और कथित तौर पर तीन लाख रुपये भी दे दिए।इसके बाद राजस्थान के छोटी सादड़ी क्षेत्र के भूरा गांव में शादी तय कराई गई।18 मई को पूरे रीति-रिवाजों के साथ बारात भूरा गांव पहुंची। शादी समारोह संपन्न हुआ, सात फेरे लिए गए और दुल्हन की विदाई भी कर दी गई। सब कुछ बिल्कुल सामान्य दिखाई दे रहा था। परिवार को लग रहा था कि अब उनके घर की खुशियां लौट आई हैं और जिंदगी की नई शुरुआत हो चुकी है।

किन कुछ ही दिनों बाद कहानी ने ऐसा मोड़ लिया, जिसने पूरे परिवार को हैरान कर दिया। ओमकारलाल के अनुसार 4 जून की रात एक फोन कॉल आया। फोन आने के बाद उनकी पत्नी घर से बाहर निकली, लेकिन फिर वापस नहीं लौटी। रात बीत गई, तलाश शुरू हुई, रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क किया गया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित का आरोप है कि जाते-जाते वह अपने साथ सोने का टीका, मंगलसूत्र, कानों के झुमके, करीब 550 ग्राम चांदी के आभूषण, और 37 हजार रुपये नकद भी ले गई। यानी देखते ही देखते घर से लाखों रुपये के जेवरात और नकदी गायब हो गए।अब ओमकारलाल का कहना है कि पहले शादी के नाम पर उनसे तीन लाख रुपये लिए गए और फिर कुछ ही दिनों बाद घर से लाखों रुपये का सामान भी गायब हो गया और दुल्हन भी। उन्होंने इस पूरे मामले को सुनियोजित ठगी बताते हुए नामजद लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

मंदसौर

एक नजर में

विश्वगीताप्रतिष्ठानम् मंदसौर और गांधी नगर कॉलोनी के संयुक्त तत्वावधान में त्रिदिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ

मंदसौर। विश्वगीताप्रतिष्ठानम् मन्दसौर एवं गांधी नगर कॉलोनी के संयुक्त तत्वावधान में अधिक ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्थी से षष्ठी, विक्रम संवत् 2083 (दिनांक 4 से 6 जून 2026) तक दास बालाजी मन्दिर परिसर, गांधी नगर, मन्दसौर में आयोजित त्रिदिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ अत्यन्त श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर के अनेक गीता प्रेमियों, श्रद्धालुओं एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने सहभागिता कर भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य उपदेशों का श्रवण एवं मनन किया। यज्ञ के कथा व्यास एवं प्रमुख वक्ता गीता मनीषी, विश्वगीताप्रतिष्ठानम् के केन्द्रीय महामन्त्री आचार्य डॉ. विष्णु नारायण तिवारी (ग्वालियर) थे। प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित गीता स्वाध्याय एवं प्रवचन में उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के कर्मयोग, ज्ञानयोग एवं भक्तियोग के विविध आयामों का सरल, व्यावहारिक एवं प्रेरक विवेचन किया। समापन दिवस पर डॉ. तिवारी ने गीता के कर्मयोग तत्त्व की विस्तृत व्याख्या करते हुए बताया कि निष्काम भाव से कर्तव्य का पालन ही जीवन को सार्थक बनाता है। उन्होंने गीता के अठारहों अध्यायों का सार प्रस्तुत करते हुए कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रन्थ नहीं, बल्कि मानव जीवन को दिशा देने वाला सार्वकालिक और सार्वभौमिक जीवन-दर्शन है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को गीता के संदेशों को व्यवहार में उतारने का आह्वान किया। दिनांक 6 जून को प्रात:काल अखण्ड गीता पाठ एवं सामूहिक हवन का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी गीता प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विश्वकल्याण, राष्ट्रोत्थान एवं मानवता के मंगल की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चार एवं यज्ञीय वातावरण से सम्पूर्ण परिसर भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। कार्यक्रम में विभिन्न नगरों से आए विश्वगीताप्रतिष्ठानम् के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भी अपने प्रेरक उद्बोधनों से वातावरण को आध्यात्मिक चेतना से भर दिया। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद् मन्दसौर जिला के पदाधिकारी श्री गुरुचरण बग्गा, डॉ. प्रवीण मंडलोई, श्री प्रदीप चौधरी एवं डॉ. गौतम गुप्ता श्रद्धाभाव से उपस्थित रहे तथा आयोजन की सराहना की। समापन समारोह में सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश एवं विश्वप्रतिष्ठानम् मन्दसौर के संरक्षक श्री रघुवीर प्रताप सिंह चुंडावत ने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं का अभिनन्दन करते हुए कहा कि गीता का सतत अध्ययन समाज में नैतिकता, कर्तव्यनिष्ठा और आत्मविश्वास का संचार करता है।

पेंशनर सम्मान समारोह संपन्न, सेवानिवृत्त कर्मचारियों का किया सम्मान



भानपुरा। भारत पेंशनर समाज की तहसील शाखा भानपुरा के तत्वावधान में रविवार को नागर माता परिसर, छोटा महादेव मार्ग पर पेंशनर सम्मान समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में हाल ही में सेवानिवृत्त हुए शासकीय कर्मचारियों का सम्मान कर उनके योगदान को सराहा गया तथा उनके अनुभवों से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समारोह में भारत पेंशनर समाज के प्रांतीय महासचिव रमेशचंद्र मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता जिला शाखा मंदसौर के अध्यक्ष गोपालकृष्ण शर्मा ने की।

विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रांतीय सचिव देवीलाल शर्मा, उप प्रांताध्यक्ष सुनील व्यास, प्रांतीय सचिव व्हाई एस चौहान, अशोक शर्मा, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष दिलीप कुमार जोशी, मनासा अध्यक्ष देवीलाल शर्मा, गोविंद सिंह परमार पंवार सीतामऊ तथा वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पूरन सहगल उपस्थित रहे। तहसील शाखा अध्यक्ष घनश्याम मेहर ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। राधेश्याम टेलर द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर वर्षभर में सेवानिवृत्त हुए शासकीय कर्मचारियों का सम्मान कर उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि पेंशनर समाज राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपने लंबे अनुभवों से समाज और नई पीढ़ी का मार्गदर्शन कर सकते हैं। सम्मान समारोह ऐसे वरिष्ठजनों के योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ-साथ आपसी सहयोग, संवाद और सौहार्द को बढ़ावा देने का भी माध्यम है।

मंदसौर बाल बैडमिंटन एसोसिएशन का हुआ गठन

▶ बैडमिंटन एसोसिएशन के संरक्षक के रूप में गणेश वर्मा सीतामऊ व अध्यक्ष के रूप में हिम्मत सिंह चौहान को नियुक्त

सीतामऊ/नाहरगढ। **मंदसौर बाल बैडमिंटन एसोसिएशन के संरक्षक के रूप में गणेश वर्मा सीतामऊ व अध्यक्ष के रूप में हिम्मत सिंह चौहान को नियुक्त किया गया। वही सचिव के रूप में आदित्य सेठिया सीतामऊ एवं कोषाध्यक्ष के रूप में मयूर सिंह राठौर गरोठ को नियुक्त किया गया है।**

मंदसौर बाल बैडमिंटन संगठन के गठन से मंदसौर जिले के स्कूली छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे संगठन के गठन से छात्र-छात्राएं आगामी सत्र में आयोजित होने वाले शालेय खेल एवं फेडरेशन द्वारा आयोजित जिला संभाग राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकें सचिव आदित्य सेठिया द्वारा बताया गया कि जिले की तहसील मुख्यालय पर भी संगठन को मजबूती दी जाएगी।

अर्हं योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्यसागरजी महाराज के मंगल प्रवेश पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

मंदसौर। दिगम्बर जैन मुनि अर्हं योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्यसागरजी महाराज का 11 वर्ष पश्चात संघ सहित नगर आगमन रविवार को भव्य एवं श्रद्धामय वातावरण में हुआ। उनके मंगल प्रवेश को लेकर सकल जैन समाज में विशेष उत्साह देखने को मिला। पूरे मार्ग को आकर्षक रंगोलियों से सजाया गया तथा विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने मुनिश्री की पूजन-अर्चना एवं आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रात: 5.30 बजे बोतलगंज गांधी हर्बल से मुनिश्री का पदविहार प्रारंभ हुआ। सुबह 7.30 बजे महावीर द्वार चौराहे पर बैंड-बाजों, ढोल तथा हाथी-घोड़ों के साथ विशाल जनसमूह ने मुनि संघ की अगवानी की। सकल जैन समाज द्वारा पाद प्रक्षालन कर पूजन एवं आरती की गई। मंगल प्रवेश शोभायात्रा में महिला मंडल सिर पर मंगल कलश एवं जैन ध्वज लेकर चल रहा था, वहीं युवा वर्ग भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए मुनिश्री के साथ चल रहा था। जय-जय गुरुदेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

तार बंगला स्थित जैन मंदिर पहुंचने पर नन्हे बच्चों ने भक्ति नृत्य प्रस्तुत कर मुनिश्री का स्वागत किया। मंदिर परिसर में आयोजित धर्मसभा में मुनिश्री प्रणम्यसागरजी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मिक उन्नति एवं मानसिक शांति के लिए ऊँ अर्हं नम: मंत्र का नियमित जाप करना चाहिए।

एक नजर | **वर्षा जल संग्रहण तकनीक की स्थापना हेतु अनुराग संस्था से नि:शुल्क मार्गदर्शन प्राप्त करें**

वर्षा जल ईश्वर का अनुपम उपहार है : राजनारायण भटनागर

मन्दसौर। वर्षा जल सबसे शुद्ध जल होता है और ईश्वर इस सबसे शुद्ध जल को नि:शुल्क प्रतिवर्ष हमारे मकान की छत पर भरपूर मात्रा में उपलब्ध कराता है लेकिन हमारी नादानी देखिए कि उसे तो हम नालियों में बहा देते हैं वहीं फिर हम बाद में जल संकट का रोना रोते रहते हैं।

संकट से पूर्व जागना ही बुद्धिमत्ता है। आपके घर में कुआ या नलकूप होने पर भी आप जल संकट, खारे पानी या मोरे पानी की समस्या से जूझ रहे हैं तो इसका सबसे सरल व आसान उपाय है - छतीय वर्षा जल संग्रहण तकनीक की स्थापना।

यदि आप अपना नया घर बनाने जा रहें हैं तो आप मकान बनाने से पूर्व बिना किसी अतिरिक्त व्यय के तकनीक की स्थापना हेतु अनुराग संस्था से मोबाइल नं. 9827363040 पर नि:शुल्क मार्गदर्शन प्राप्त करें।

उक्त विचार राजनारायण भटनागर ने व्यक्त किए। वे अनुराग संस्था द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को जल संवर्धन, स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण को लेकर निकाली जाने वाली जनजागरण पदयात्रा के अवसर पर अपनी भावना व्यक्त कर रहे थे।

अनुराग जनजागरूकता पद यात्रा में रमेश सोनी, सत्यनारायण भूरिया, श्रीचंद भावनानी, इंजी. एस. के. जैन, शंभूसेन राठौर, रामचंद्र रैकवार, बंशीलाल टांक, आदि गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। संचालन गोपालकृष्ण पंचारिया ने किया।